भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †1617

उत्तर देने की तारीख- 05/12/2024

गुवाहाटी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ईएमआरएस

†1617 श्रीमती बिजुली कलिता मेधी:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:-

गुवाहाटी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोकतंत्र की जड़ों पर प्रकाश डालते हुए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के लिए बनाई गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

वर्ष 2018-19 में जनजातीय बच्चों को उनके अपने परिवेश में नवोदय विद्यालय के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की केंद्रीय क्षेत्र योजना शुरू की गई थी। नई योजना के तहत, सरकार ने 440 ईएमआरएस स्थापित करने का निर्णय लिया है, 50% से अधिक अजजा आबादी और कम से कम 20,000 जनजातीय व्यक्तियों (जनगणना 2011 के अनुसार) वाले प्रत्येक ब्लॉक में एक ईएमआरएस होगा। संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुदान के अंतर्गत शुरू में 288 ईएमआरएस विद्यालयों को वित्त पोषित किया गया था, जिन्हें नए मॉडल के अनुसार उन्नत (अपग्रेड) किया जा रहा है। तदनुसार, मंत्रालय ने देश भर में लगभग 3.5 लाख अजजा छात्रों को लाभान्वित करने के लिए कुल 728 ईएमआरएस स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। आज तक, पूरे देश में 715 विद्यालयों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 476 ईएमआरएस के कार्यात्मक होने की सूचना दी गई है, जिनसे लगभग 1,33,929 छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) की स्थापना जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई है, जो ईएमआरएस की केंद्रीय क्षेत्र योजना का प्रबंधन और कार्यान्वयन करती है।

मंत्रालय ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के छात्रों को संसद और संसदीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के महत्व को पहचाना है। इस पहल के हिस्से के रूप में, वर्ष 2024 में ईएमआरएस के लिए युवा संसद की योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को संसदीय

प्रक्रियाओं का अनुकरण करने के लिए एक मंच प्रदान करना है, जिससे उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशासन को समझने के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

इसके अलावा, ईएमआरएस के छात्रों ने ऑनलाइन युवा संसद योजना में भी भाग लिया है, जिसने उन्हें वर्चुअल (आभासी) प्रारूप में संसदीय कार्यवाही से जुड़ने में सक्षम बनाया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि भौगोलिक बाधाओं के बावजूद वे संसद से जुडे रहे और संसद के कामकाज के बारे में सूचना प्राप्त करते रहे।
इसके साथ ही, ईएमआरएस में वाई20 की एक योजना भी शुरू की गई थी। इस पहल को जी20 ढांचे के एक प्रोटोटाइप के रूप में तैयार (डिज़ाइन) किया गया है, जिससे छात्रों को वैश्विक चर्चाओं में शामिल होने और अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति और सहयोग के बारे में जानकारी प्राप्त करने का मौका मिलेगा।
इसके अलावा, ईएमआरएस के छात्रों को पुराने और नए दोनों संसद सदनों का दौरा करने का अमूल्य अवसर मिला है। इन यात्राओं ने उन्हें भारतीय संसद के संचालन और महत्व का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर दिया है।
जनजातीय कार्य मंत्रालय ने नई योजना के तहत गुवाहाटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2 ईएमआरएस को मंजूरी दी है, नामतः गोलपारा जिले के कुचधोवा ब्लॉक में ईएमआरएस दुधनाई और कामरूप जिले के बोको ब्लॉक में ईएमआरएस बोको । दोनों गैर-कार्यात्मक हैं।

*****